यूथ रेडक्रास इकाई द्वारा संपादित गतिविधियाँ

सत्रः2014–2015

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

बुढ़ा सागर तालाब की सफाई

माननीय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के निर्देश पर दिनांक 29–6–2014 को युथ रेड क्रास के छात्र – छात्राओं द्वारा शहर के ऐतिहासिक बुढ़ा सागर तालाब की सफाई की गई तथा इस तालाब में कचरा न फेकनें की अपील करते हुए एक बोर्ड भी लगाया,इस कार्य में युथ रेड क्रास के लगभग 30 छात्र–छात्राओं की सहभागिता रही

युथ रेड क्रास ने मनाया डॉटर्स डे

दिनांक 25–9–2014 का डॉटर्स डे मनाया गया बेटी बचाओं अभियान का प्रचार –प्रसार करते हुए, विद्यार्थीयों ने जिला अस्पताल राजनांदगांव जाकर हाल ही में जन्मी समस्त कन्याओं के माता –पिता को सॉल,श्रीफल देकर सम्मानित किया इस कार्यकम में युथ रेड क्रास के लगभग 15 विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

युथ रेड क्रास के विद्यार्थीयों ने वृद्धा आश्रम जाकर लिया आर्शीवाद

युथ रेड क्रास के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस (1 अक्टूबर 2014) के अवसर वृद्धा आश्रम जाकर बुजुर्गों को अनेक उपहार दिए जिसमें मुख्य रूप से कैरम बोर्ड,थैले (फोटो संलग्न है) फल का वितरण करते हुए 3 घंटे उनके बीच व्यतीत किए व उनकी जिंदगी के अनुभवों को जाना व सिख ली।

युथ रेड क्रास ने चलाया सफाई अभियान

गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान के तहत युथ रेड क्रास के विद्यार्थीयों ने शहर के महेन्द्र नगर की नालियों की सफाई की इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में भी सफाई अभियान चलाया । तथा संकल्प लिया कि वे अपने घर व आस–पास सफाई का ध्यान रखा करेंगें

<u>युथ रेड क्रास नें मनाया विश्व हाथ धुलाई दिवस</u>

दिनांक 15–10–2015 को युथ रेड क्रास ईकाई द्वारा महाविद्यालय में विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया जिसमें विद्यार्थीयों को हाथ धुलाई के तरीके व महत्व की जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात् रेड क्रास के विद्यार्थी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रैली में शामिल हुए ।

<u>दिवाली के अवसर पर –</u>

गरीब बच्चों में पटाखे व मिष्ठान का वितरण

दिवाली के अवसर पर युथ रेड क्रास के विद्यार्थीयों ने गरीब बच्चों को पटाखे व मिष्ठान का वितरण किया, राजनांदगांव से लगभग 5 कि.मी. दूर स्थित ग्राम आशानगर में जो कि कुष्ठ रोगियों व गरीबो की बस्ती है ,में जाकर बच्चों को पटाखे व मिठाईयॉ बांटी विद्यार्थियों ने कहा कि यह कार्य करके उनके दिवाली का मजा दुगुना हो गया।

आवासहीन गरीबों में बांटे कम्बल

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी युथ रेड क्रास के विद्यार्थीयों ने जनवरी माह में अर्द्धरात्रि में शहर का भ्रमण कर आवासहीन ठंड से ठिठुरते जरूरत मंद गरीबों में कम्बल बांटे। इस कार्यक्रम में लगभग 20 विद्यार्थीयों की सहभागिता रही।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श केद्र का संचालन

युथ रेड क्रास ईकाई द्वारा महाविद्यालय में शिक्षकों कर्मचारियों एवं विद्यार्थीयों हेतु निःशुल्क चिकित्सा परामर्श केंद्र संचालित है,जिसमें सत्र 2014–15 में 172 लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

युथ रेड क्रास के विद्यार्थीयों द्वारा रक्तदान

जरूरत मंद लोगों को रक्तदान करने के क्षेत्र में महाविद्यालय की युथ रेड क्रास ईकाई की एक विशिष्ट पहचान बन गई है इस स़त्र में युथ रेड क्रास के 37 विद्यार्थीयों ने जरूरत मंद लोगों जिसमें अधिकांश सुदूर ग्रामीण अंचल से आए मरीज है को रक्त दान किया।

युथ रेड क्रास द्वारा संपादित अन्य कार्य–

1.विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अवसर पर दिनांक 10–10–2014 को युथ रेड क्रास ईकाई द्वारा सेंट्रल इंडिया ऑफ इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंस देवादा के डाक्टर प्रमोद गुप्ता के व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

2.कलेक्टर (निर्वाचन) के निर्देश पर युथ रेड क्रास के विद्यार्थीयों द्वारा 24–11–2014 को शहर में एक रैली निकालकर मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया।

3.दिनांक 31–10–2014 को सरदार पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित*रन–फार–यूनिटी* में युथ रेड क्रास के विद्यार्थीयों की सकिय सहभागिता रही ।